## समाचार

## बच्चों को उत्तम शैक्षणिक वातावरण देना अति आवश्यक–महापौर

## (न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल के वार्षिकोत्सव में पहुंची महापौर )

कोरबा 28 नवम्बर 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा है कि छात्र–छात्राओं को उत्तम शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना, पठन–पाठन की बेहतर सुविधाएं देना तथा उनके मानसिक व शारीरिक विकास पर ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होने कहा कि आज के बच्चों के हाथ मे ही देश का भविष्य रहेगा, अतः जरूरी है कि बच्चों की शिक्षा–दीक्षा एवं उनमें अच्छे संस्कार डालने की दिशा में पूरी इच्छाशक्ति के साथ कार्य किया जाना चाहिए।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल ने न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल कोरबा के वार्षिकोत्सव समारोह की मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये। न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल कोरबा में 27 नवम्बर को वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, समारोह की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। उन्होने दीप प्रज्वलन कर समारोह का शुभारंभ कराया, इस मौके पर स्कूल प्रबंधन ने महापौर श्रीमती अग्रवाल एवं अन्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई धन नहीं है तथा एक शिक्षित व्यक्ति समाज, नगर, राज्य तथा देश के विकास में अधिक अच्छे ढंग से अपना योगदान दे सकता है तथा समाज को सही दिशा दिखने का कार्य बेहतर रूप में कर सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के बच्चों को संबोधित करते हुए महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि आप सब पूरी मेहनत के साथ पढ़ाई लिखाई का काम करें, अच्छी शिक्षा प्राप्त करें तथा अपने विद्यालय, नगर एवं राज्य का नाम रोशन करें। उन्होने छात्र–छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दी। जिला शिक्षा अधिकारी श्री डी.के. कौशिक ने भी समारोह को संबोधित किया, उन्होने अपने संबोधन में न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय बच्चों को शिक्षा–दीक्षा प्रदान करने की दिशा में अच्छा कार्य कर रहा है, मैं उम्मीद करूंगा कि और अधिक बेहतर रूवरूप में उसका प्रदर्शन सामने आए। श्री कौशिक ने इस मौके पर छात्र–छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह के दौरान विद्यालय की छात्र–छात्राओं द्वारा सुंदर मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये तथा अतिथियों द्वारा इन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का पूरा आनंद उठाया गया। इस मौके पर महापौर श्रीमती अग्रवाल ने विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये तथा उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी डी.के. कौशिक के साथ ही निगम के पूर्व सभापति संतोष राठौर, पार्षद मनीष शर्मा, महिला कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता संगीता सक्सेना, समाजसेविका मंगल बुधिया, विद्यालय के प्राचार्य, अध्यापक एवं अध्यापिकागण तथा छात्र–छात्राएं एवं उनके अभिभावकगण उपस्थित थे।

## समाचार

## स्वच्छता पखवाड़ा

## दर्री एवं एन.टी.पी.सी. साप्ताहिक बाजार में चला स्वच्छता अभियान

## (निगम के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, एन.टी.पी.सी. के अधिकारियों व आमनागरिकों ने सफाई कार्यो में दी सहभागिता )

कोरबा 28 नवम्बर 2015 –विगत 16 नवम्बर से 30 नवम्बर तक चलने वाले प्रथम चरण के स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत आज दर्री इतवारी साप्ताहिक बाजार तथा एन.टी.पी.सी. टाउनशिप साप्ताहिक बाजार में स्वच्छता अभियान चलाकर विशेष साफ–सफाई का कार्य कराया गया, इस मौके पर निगम के पार्षदों एवं अधिकारी कर्मचारियों तथा एन.टी.पी.सी. के अधिकारियों व आमनागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो में अपनी सहभागिता दी।

यहां उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन में कोरबा जिले में प्रथम चरण का स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, यह अभियान विगत 16 नवम्बर को प्रारंभ किया गया था, यह अभियान 30 नवम्बर 2015 तक चलेगा, तत्पश्चात द्वितीय चरण का स्वच्छता पखवाड़ा प्रारंभ होगा। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी यह अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज निगम के दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले दर्री इतवारी साप्ताहिक बाजार व एन.टी.पी.सी. टाउनशिप साप्ताहिक बाजार में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर पालिक निगम के पार्षदों, अधिकारी कर्मचारियों व आमनागरिकों ने साफ–सफाई कार्यो में हिस्सा लिया। एन.टी.पी.सी. टाउनशिप साप्ताहिक बाजार में चलाये गये स्वच्छता अभियान के दौरान एन.टी.पी.सी. नगर प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों ने निगम अमले के साथ

मिलकर विशेष सफाई कार्यो का संपादन किया तथा स्वच्छता पखवाड़े के इस अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। अभियान के दौरान पार्षद वीरसाय धनुवार एवं पीलीदेवी सिदार, निगम के कार्यपालन अभियंता एम.के. वर्मा, सहायक अभियंता अखिलेश शुक्ला, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, स्वच्छता निरीक्षक निर्मल कुमार सिंह, यशंवत जोगी के साथ ही एन.टी.पी.सी. नगर प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी तथा अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

**30 नवम्बर को भैरोताल बांकीमोंगरा में चलेगा अभियान**—प्रथम चरण के स्वच्छता पखवाड़े के अंतिम दिन 30 नवम्बर को बांकीमोंगरा जोनांतर्गत भैरोताल एवं बांकीमोंगरा बाजार में स्वच्छता अभियान चलाया जाकर विशेष साफ—सफाई का कार्य कराया जाएगा। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा उक्त क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, व्यवसायियों व आमनागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता प्रदान करें।

## समाचार

## '' मन की बात '' कार्यक्रम का आयोजन 29 नवम्बर को

## (निगम ने 07 स्थानों पर की कार्यक्रम हेतु व्यवस्था)

कोरबा 27 नवम्बर 2015 —प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आल इण्डिया रेडियो के माध्यम से जनता से सीधे संवाद किए जाने का कार्यक्रम '' मन की बात '' का आयोजन रविवार 29 नवम्बर 2015 को प्रातः 11 बजे रखा गया है। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्र के 06 जोन के 07 स्थलों पर उक्त कार्यक्रम हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है।

कलेक्टर श्री पी.दयानंद के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन में निगम द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के महत्वपूर्ण कार्यक्रम '' मन की बात '' के माध्यम से आमजनता से सीधे संवाद, को सुनने के लिए निगम क्षेत्र के 06 जोन के 07 स्थानों में रेडियो ट्रांजिस्टर, बैठक व्यवस्था आदि की तैयारी की गई है। निगम द्वारा कोरबा जोन स्थित गीतांजलि भवन के सभागार, टी.पी.नगर जोन स्थित विवेकानंद उद्यान (अप्पू गार्डन), कोसाबाड़ी जोन स्थित बुधवारी के सामुदायिक भवन एवं घंटाघर के समीप सियान सदन में, बालको जोन में हाउसिंग बोर्ड कालोनी स्थित सामुदायिक भवन, दर्री जोन में दर्री जोन कार्यालय सरदार पटेलनगर एवं बांकीमोंगरा जोन के अंतर्गत आनंदनगर स्थित सामुदायिक भवन में यह व्यवस्था की गई है। आयुक्त श्री अजय कुमार अग्रवाल ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे उक्त स्थलों पर अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संदेश का श्रवण करे।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)